22922 - रमज़ान के दिन के दौरान सुर्मा, मेंहदी और सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग करने का हुक्म

प्रश्न

रमज़ान के महीने में दिन के दौरान महिलाओं के लिए सुर्मा और कुछ सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग करने का क्या हुक्म है, और क्या इन चीज़ों से रोज़ा टूट जाता है या नहीं ?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

विद्वानों के दो कथनों में से सबसे सही कथन के अनुसार, सुर्मा से महिलाओं या पुरूषों में से किसी का रोज़ा बिल्कुल नहीं टूटता, किंतु रोज़ेदार के लिए उसे रात के समय प्रयोग करना बेहतर है। इसी तरह साबुन और उसके अलावा अन्य चीज़ें जिसके द्वारा चेहरे को सुशोभित किया जाता है जिसका संबंध बाहरी त्वचा से होता है, और उसी में से मेंहदी, मेक-अप और उसके समान चीज़ें हैं। हालाँकि मेक-अप का इस्तेमाल करना उचित नहीं है यदि वह चेहरे को नुक़सान पहुँचाता है।